हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 23 सितंबर 2020, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

फिल्म सिटी, एयरपोर्ट और तीन हाईवे बदल देंगे सूरत

ग्रेटर नोएडा में फिल्म सिटी

ग्रेटर नोएडा | **सुनील पाण्डेय**

फिल्म सिटी, एयरपोर्ट और तीन विश्वस्तरीय हाइवे इस इलाके की सूरत बदल देंगे। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी के लिए बिजली, पानी, कनेक्टिविटी जैसी जरूरी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं।

अपनी विरासत को समेटे मथुरा, आगरा, जयपुर जैसे शहर यहां से नजदीक हैं। ये शूटिंग के लिए बेहतर माने जाते हैं। औद्योगिक शहर होने के चलते यह इलाका आर्थिक गतिविधियों का भी केंद्र बन जाएगा। फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेस वे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे व नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे से करीब है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर यहां से मात्र छह किलोमीटर की दूरी पर है। इन परियोजनाओं से इलाके में विकास कार्य तेज होंगे। फिल्म सिटी बनने से इससे जुड़े उद्योग भी यहां आएंगे। इससे ना केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि निवेश भी अधिक आएगा। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देसी-विदेशी कंपनियां अपनी इकाइयां लगाने जा रही हैं। इंटरनेशनल एयरपोर्ट व मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी पर काम चल रहा है। यहां तक मेट्रो भी जाएगी। फिल्म सिटी बनने से यह इलाका पर्यटन क्षेत्र में भी बदलेगा। इस इलाके में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

जमीन की दरें ये होंगी

श्रेणी	दर प्रति वर्ग मीटर
4000 वर्ग मीटर तक	₹6670
4000 से 8000 वर्ग मीटर	₹5680
8000 से 20000 वर्ग मीटर	₹4810
20000 से 40000 वर्ग मीटर	₹4370
40000 से 80000 वर्ग मीटर	₹4210
80000 वर्ग मीटर से ज्यादा	₹4050

ऐसे पहुंचा जा सकेगा

सड़क मार्ग : यमुना एक्सप्रेसवे द्वारा (ग्रेटर नोएडा से आगरा, 165 किमी)। राष्ट्रीय राजमार्ग 93 (अलीगढ़ से आगरा)

रेल लाइन : दिल्ली-कोलकाता रेलवे लाइन, मथुरा-बरेली लाइन

वायु मार्ग: आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली, आगरा एयरपोर्ट, आगरा, जेवर एयरपोर्ट

यह क्षेत्र रेल और सड़क परिवहन से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। एशिया का सबसे बड़ा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट समीप ही है। यह भी शीघ्र तैयार हो जाएगा। इसे मेट्रो, रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम और हाई स्पीड ट्रेन से भी जोड़ने की योजना है। हम जो कुछ कर रहे हैं वर्ष 2060 की जरूरतों के मद्देनजर कर रहे हैं। **-अरुणवीर सिंह**, सीईओ यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

छह जिलों को फायदा

यीडा क्षेत्र में गौतमबुद्धनगर के अलावा बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा का भी हिस्सा आता है। फिल्म सिटी बनने से यहां भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

> विशेष कवरेज पेज 02

ये भी जान लें

06 किलोमीटर की दूरी होगी जेवर एयरपोर्ट से फिल्म सिटी की

12 किलोमीटर दूरी फिल्म सिटी की ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे से

आर्थिक केंद्र बनेगा

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कंपनियां, एयरपोर्ट और अब फिल्म सिटी आने से इलाका आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन जाएगा। यहां पर विश्वस्तरीय इलेक्ट्रॉनिक सिटी बसेगी। फिल्म सिटी में स्टूडियो, आउटडोर लोकेशन, विशेष स्टूडियो, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, फूड कोर्ट समेत तमाम सुविधाएं होंगी। यहां पर टेक्निकल और साउंड सर्विसेज को लेकर भी काम किया जाएगा।

ऐसी होगी अपनी फिल्म सिटी